Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती आज
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
Ranchi ● Friday, 31 October 2025 ● Year : 03 ● Issue : 282 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे लोग वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 4 मरे

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को रांची-टाटा नेशनल हाईवे-33 पर यात्रियों से भरा सवारी वाहन पलट गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 23 लोग घायल हो गए। घटना बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईंडीह के पास हुई। सभी लोग अड़की के बिरड़ीह गांव से बुंडू के ताऊ मैदान में आयोजित आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे। एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि हादसे में 23 यात्री जख्मी हुए हैं। इनमें से 15 को रिम्स रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सवारी वाहन टाटा से रांची की ओर आ रही एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान अचानक सवारी वाहन का अगला टायर ब्लास्ट हो गया। तेज गति में होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर बस को हल्की टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया।

बुंडू में दर्दनाक हादसा

23	15
लोग हो गए घायल	जख्मी रिम्स रेफर

रैली को किया गया स्थगित

घटना की गंभीरता को देखते हुए बुंडू ताऊ मैदान में आयोजित आदिवासी जनाक्रोश रैली को स्थगित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सवारी वाहन में महिलाएं, पुरुष और युवा सभी शामिल थे, जो रैली में हिस्सा लेने जा रहे थे। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

बिहार विधानसभा चुनाव : प्रचार के अंतिम दौर में पूरी ताकत झोंक रहे नेता

बिहार का अपमान बर्दाश्त नहीं : पीएम

VS

नीतीश को कंट्रोल कर रहे मोदी : राहुल

जंगलराज वाले मतदाताओं को कर रहे गुमराह, असली मकसद है जबरन वसूली, फिरौती, लूट व भ्रष्टाचार

AGENCY CHAPRA :

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस-राजद पर जमकर हमला बोला। छपरा में उन्होंने कहा, नरेंद्र-नीतीश आपके सपने को पूरा करने में जुटे हैं। वहीं कांग्रेस-राजद वाले बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। यह हमारे लिए बर्दाश्त करने लायक नहीं। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस के नेता बिहारियों को गालियां देते हैं। तमिलनाडु में डीएमके नेता बिहारियों को प्रताड़ित करते हैं और इस बार के चुनाव में तो कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी है। जिन लोगों ने बिहार को गालियां दी, उन्हें कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के लिए बुलाया। ये सोची-समझी साजिश के तहत हो रहा है।

मोदी की मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी जनसभा

छठी मइया का किया गया अपमान

इससे पहले मोदी ने मुजफ्फरपुर में भी कांग्रेस-राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जंगलराज से लेकर कांग्रेस-राजद के चुनावी प्रचार को लेकर हमला बोला। पीएम ने कहा, हमारी सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में शामिल कराने की कोशिश में है। एक ओर आपका बेटा छठी मइया की जयकार दुनिया में कराने में लगा है। दूसरी तरफ कांग्रेस-राजद छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। क्या कोई कभी भी वोट पाने के लिए छठी मइया का अपमान कर सकता है क्या।

दलित विरोधी हैं राजद और कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले कभी दलितों को सम्मान नहीं दिलवा सकते हैं। ये बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों में रखते हैं। हमने डिजिटल पेमेंट के नाम पर एप का नाम भीम एप रखा है। सभी को सामाजिक न्याय मिले, सबको सम्मान मिले यही बीजेपी और एनडीए का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जंगलराज के नेता आपको लगातार गुमराह कर रहे हैं, आपको लालच दे रहे हैं। आरजेडी का घोषणापत्र, कांग्रेस का घोषणापत्र, घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपनी रेट लिस्ट बता दी है।

पीएम ने बटन दबाया और सीएम बोलने लगते हैं, बिहार को बदलने का दावा झूठा

AGENCY CHAPRA :

गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नालंदा के नूरसराय में चुनावी जनसभा को संबोधित। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार कहते हैं कि 20 साल में बिहार को बदल दिया, लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या बिहार में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य मिल सकता है। यहां के युवाओं को अच्छी शिक्षा और लोगों को अच्छी चिकित्सा सेवा नहीं मिल रही है। बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं। दूसरी तरफ पीएम मोदी खड़े हैं। पीएम के हाथ में नीतीश का रिमोट है। मोदी नीतीश को कंट्रोल कर रहे हैं। नीतीश से जो करवाना है, पीएम करवा देंगे। बिहार को नीतीश नहीं चलाते हैं। सरकार अमित शाह-मोदी और नागपुर वाले (आरएसएस) चलाते हैं।

नालंदा के नूरसराय में चुनावी जनसभा

यहां होता है पेपर लीक देखते रह जाते हैं युवा

राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं। जब आप दुबई और बेंगलुरु जैसा शहर बना सकते हो तो ये बिहार में क्यों नहीं कर पाते हो। एक समय होता था, जब नालंदा की यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में मशहूर थी। जापान, कोरिया, इंग्लैंड से लोग पढ़ाई करने आते थे। दुनिया की शिक्षा का सेंटर नालंदा था। आज बिहार की यूनिवर्सिटी के बारे में दूसरे लोगों से पूछिए। कहते हैं यहां सिर्फ पेपर लीक होता है। जिनकी सेटिंग है, उन्हें पेपर मिल जाता है। बिहार के बाकी युवा देखते रह जाते हैं।

ट्रंप के डर से बंद किया ऑपरेशन सिंदूर

राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी ट्रंप से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। ट्रंप अलग-अलग देशों में जाकर उनका अपमान कर रहा है। कहता है मैंने मोदी को झुका दिया। उनके मुंह से एक आवाज नहीं निकली। राहुल गांधी ने कहा कि 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि हम आपकी नौसेना से नहीं डरते, हमें जो करना होगा, हम करेंगे। वह महिला थीं। मोदी से ज्यादा दम इंदिरा गांधी में था।

SHARE

सेंसेक्स	:	84,404.46
निफ्टी	:	25,877.85

SARAFA

सोना	:	11,195
चांदी	:	165.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सीबीएसई ने जारी की 10-12वीं परीक्षा की डेटशीट

RANCHI : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 110 दिन पहले ली गई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी। सीबीएसई की सिटी को-आर्डिनेटर डॉ. सरिता सिन्हा ने बताया कि 110 दिन पहले डेटशीट जारी होने से छात्र परीक्षा को लेकर बेहतर तरीके से प्लानिंग कर सकेंगे। दोनों परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रारंभ होंगी। दसवीं की परीक्षा 18 मार्च और 12वीं की नौ अप्रैल को संपन्न होगी।

चाबहार बंदरगाह पर भारत को प्रतिबंधों से मिली छूट

NEW DELHI : अमेरिका ने ईरान में चाबहार बंदरगाह पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ये प्रतिबंध 29 सितंबर से लागू होने थे, लेकिन दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद एक छह महीने की छूट दी गई। छह महीने की नई छूट 29 अक्टूबर से प्रभावी होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में बताया कि ईरान में चाबहार बंदरगाह के लिए हमें अमेरिकी प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी गई है।

जनसुराज कैंडिडेट के प्रचार में थे शामिल

मोकामा में राजद नेता दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या

AGENCY PATNA :

गुरुवार को मोकामा में जनसुराज के कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के काफिले पर हमला हुआ। इसमें उनके काफिले में शामिल एक राजद नेता दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दुलारचंद यादव जनसुराज कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के साथ चुनाव प्रचार में शामिल थे। जनसुराज के नेताओं ने बताया कि हमारे कैंडिडेट का काफिला अनंत सिंह की गाड़ी के पीछे था। अचानक से अनंत सिंह के समर्थक गाड़ियों से निकले और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना घोसवारी की है। इस घटना के बाद बाहुबली अनंत सिंह ने कहा, हमारी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। ये सारा खेल सूरजभान का है। दुलारचंद को उसने अपने यहां रखा था। वो उसी के साथ रहता था। इस मामले पर अनंत सिंह ने कहा, हम चुनाव प्रचार के लिए निकले थे। रास्ते में कई गाड़ियां खड़ी थी।

आज और कल भी होगी वर्षा, वज्रपात को लेकर जारी किया गया येलो अलर्ट

चक्रवात 'मोंथा' के कारण लगातार हो रही बारिश से किसानों की बढ़ीं मुश्किलें

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड में चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर अभी भी जारी है। बेमौसम बारिश के कारण किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोडरमा जिले में मंगलवार शाम से बूंदाबांदी शुरू हुई। बुधवार को मूसलाधार बारिश हुई और गुरुवार को भी तेज बारिश हुई। खरीफ फसलों पर इस बारिश का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। विशेष रूप से धान की फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस समय धान की फसल खेतों में पककर तैयार है। कई क्षेत्रों में इसकी कटाई का काम भी शुरू हो चुका है। ऐसे में लगातार बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के प्रभाव से झारखंड के लगभग सभी जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। 31 अक्टूबर और एक नवंबर को बारिश के साथ कहीं-कहीं गर्जन, वज्रपात के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

गिरा तापमान, दो नवंबर के बाद और बढ़ेगी ठंड

धान की फसलों को अधिक नुकसान पहुंचने की जताई जा रही आशंका

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से चाईबासा में बच्चों के जीवन के साथ हुआ खिलवाड़

VIVEK SHARMA @ RANCHI :

चाईबासा में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने का मामला सामने आने के बाद मंत्री से लेकर विभाग के अधिकारी रेस हैं। ब्लड बैंकों के लाइसेंस की जांच करने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल है कि इतने दिन से विभाग के अधिकारी कहां थे। जब एक सोशल एक्टिविस्ट द्वारा आरटीआई के तहत राज्य भर में क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत चल रहे संस्थानों की जानकारी मांगी गई थी। अगर विभाग के अधिकारियों ने मामले को उस वक्त गंभीरता से लिया होता तो शायद आज ये स्थिति नहीं होती। वहीं बिना लाइसेंस के कोई भी हॉस्पिटल, ब्लड बैंक या क्लिनिक नहीं चल रहे होते। बता दें कि सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा पिछले सात सालों से स्वास्थ्य विभाग से सभी जिलों की रिपोर्ट मांग रहे हैं। अपील भी कर चुके हैं। इसके बावजूद कुछ जिलों को छोड़ बाकी जिलों से जानकारी ही उपलब्ध नहीं कराई गई है। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि राजधानी रांची में जहां सैकड़ों हॉस्पिटल, क्लिनिक, लैब और ब्लड बैंक चल रहे हैं, वहां की भी जानकारी विभाग के पास नहीं है। राज्य के विभिन्न जिलों में कितने प्राइवेट क्लीनिक व हॉस्पिटल बिना क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत संचालित हैं। इसका खुलासा आरटीआई से मांगी गई जानकारी में हुआ है। मार्च में आरटीआई से मांगे गए सवालों के जवाब 7 महीने बाद 24 में केवल 6-7 जिलों ने ही उपलब्ध कराए हैं। 7 महीने बीतने के बाद भी अन्य जिलों से जानकारी प्राप्त नही हुई है।

- आरटीआई से मांगी गई जानकारी विभाग ने नहीं कराई उपलब्ध
- अपील के बाद भी विभाग कर रहा केवल पत्राचार
- रांची में कितने हॉस्पिटल और क्लिनिक चल रहे सीईए के तहत, विभाग को पता नहीं

किस जिले ने क्या दी जानकारी

- गोड्डा सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में सीईए के तहत 19 प्राइवेट और 9 सरकारी हॉस्पिटल संचालित हैं। इनमें से क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट में बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी हॉस्पिटल के संचालन की सूचना नहीं है।
- लातेहार के सिविल सर्जन की ओर से जानकारी दी गई है कि जिले में सीईए के तहत 13 प्राइवेट और 8 सरकारी हॉस्पिटल संचालित हैं। इनमें से एक्ट में बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी हॉस्पिटल के संचालन की सूचना नही है।
- गढ़वा जिला के सिविल सर्जन की ओर से बताया कि जिले में 141 हॉस्पिटल व क्लीनिक बिना क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत संचालित हैं। इनमें पिछले दो सालों में 13 पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद कर दिया गया है।
- सरायकेला-खरसावां सिविल सर्जन ने बताया है कि उनके जिले में 20 प्राइवेट हॉस्पिटल व क्लीनिक बिना सीईए रजिस्ट्रेशन के संचालित है। इन सभी हॉस्पिटलों को नोटिस जारी करते हुए बंद कराया गया है।
- पलामू सिविल सर्जन ने जवाब दिया कि उनके जिले में एक भी हॉस्पिटल व क्लीनिक बगैर सीईए रजिस्ट्रेशन के संचालित नहीं है। उन्होंने जानकारी दी है कि पिछले दो सालों में बगैर लाइसेंस के 3 हॉस्पिटलों को बंद किया जा चुका है।

चाईबासा में बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने पर सख्त नाराजगी, अधिकारियों को फटकार

बिना लाइसेंस कैसे चल रहे ब्लड बैंक : झारखंड हाईकोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के बाद एचआईवी पॉजिटिव होने के मामले में सुनवाई करते हुए सत्य नाराजगी जताई। कोर्ट ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, ड्रग कंट्रोलर कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने ऐसी घटनाओं को बेहद गंभीर बताया। सरकार को अविलंब इसे रोकने को लेकर एक्शन लेने को कहा है। कोर्ट ने सरकार को शपथपत्र दाखिल कर सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में ब्लड डोनेशन कैंप का ब्योरा मांगा है। राज्य के अस्पतालों में कितने रक्त की आवश्यकता है और कितना उपलब्ध हो पा रहा है, इसका भी आंकड़ा कोर्ट ने सरकार से मांगा है। साथ ही झारखंड में नेशनल ब्लड पॉलिसी को और प्रभावी बनाने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

शपथपत्र दाखिल कर सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में ब्लड डोनेशन कैंप का मांगा ब्योरा

चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई सुनवाई

घटनाओं को रोकने के लिए नहीं लिया गया बड़ा एक्शन

मामले में खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे पूर्व भी ऐसे मामले को कोर्ट देख रहा है और सरकार को दिशा-निर्देश दे रहा है, लेकिन इसके बावजूद इन घटनाओं को रोकने के लिए कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया गया। कोर्ट ने कहा कि एचआईवी संक्रमित संक्रमण की एडवांस मशीन न्यूक्लिक एसिड टेस्ट अब तक अस्पतालों में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई। झारखंड में बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक क्यों चल रहे हैं। ब्लड बैंकों के लाइसेंस का रिन्यूअल दो सालों से क्यों लंबित रह रहा है। कोर्ट ने कहा कि ब्लड बैंकों के माध्यम से ही ब्लड एकत्रित होना चाहिए और न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीन का सहारा लेकर संक्रमित रक्त की रोकथाम संभव है।

मुंबई में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले का एनकाउंटर

MUMBAI : गुरुवार को मुंबई के पवई इलाके के रा स्टूडियो में 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बनाने वाला एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान फायरिंग में आरोपी रोहित आर्या को गोली लगी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। रोहित ने 1:45 बजे 17 बच्चे, एक सीनियर सिटिजन और एक नागरिक को बंधक बनाया था। पुलिस और स्पेशल कमांडो ने एक घंटे की कार्रवाई में सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया। पुलिस को घटनास्थल से एक एयरगन और केमिकल भी मिला था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 100 से ज्यादा बच्चों को ऑडिशन के लिए बुलाया था। रोहित ने बंधक बनाने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसमें वह कह रहा था मैं रोहित आर्या हूं। सुसाइड करने के बजाय मैंने एक योजना बनाई है और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाकर रखा है। मेरी ज्यादा मांगें नहीं हैं।

बड़ा संकट लंबे समय तक किए गए व्यापक अध्ययन में हुआ खुलासा

देश के महानगरों में जमीन धंसने का बढ़ता जा रहा खतरा

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

पृथ्वी की भीतरी हलचलों और जलवायु परिवर्तन की वजह से धरती के धंसने का खतरा बढ़ता जा रहा है। हाल में हुए रिसर्च से यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि भारत में भविष्य में नई दिल्ली और चेन्नई समेत पांच महानगरों में 900 वर्ग किलोमीटर जमीन के धंसने की आशंका है। अमेरिका स्थित वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने 2015-23 के दौरान एकत्रित किए गए सैटेलाइट डाटा का विश्लेषण कर पाया कि 2400 से अधिक इमारतें पहले से संरचनात्मक क्षति के उच्च जोखिम में हैं। 1.3 करोड़ से अधिक इमारतों को केंद्रित कर किए गए अध्ययन और 8 करोड़ लोगों से की गई बातचीत में पता चला है कि जमीन धंस रही। इससे 19 लाख लोग प्रति वर्ष चार मिलीमीटर से ज्यादा की दर से धंसने के जोखिम में हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, भूमि धंसाव बाढ़ और भूकंप के खतरों को बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा, जब किसी शहर की जमीन असमान रूप से धंसती है तो इससे नींव कमजोर हो सकती है। बिजली लाइनों को नुकसान पहुंच सकता है और ढांचागत कमजोरी बढ़ सकती है। नई दिल्ली में भू-धंसाव की दर 51 मिलीमीटर प्रति वर्ष दर्ज हुई, जो सभी शहरों में सबसे ज्यादा है।

साल 2015 से 2023 के बीच एकत्रित सैटेलाइट डाटा का किया गया है विश्लेषण

3 करोड़ से अधिक इमारतों को केंद्रित कर कई स्तरों पर की गई है विस्तृत स्टडी

- पहले से संरचनात्मक क्षति के उच्च जोखिम में बताई गई हैं 2400 से अधिक इमारतें
- वैज्ञानिकों ने भविष्य में 900 वर्ग किलोमीटर धरती के धंसने की जताई है आशंका

वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

- सालाना चार मिलीमीटर से ज्यादा की दर से जमीन धंसने के जोखिम में हैं 19 लाख लोग
- नेचर सस्टेनेबिलिटी पत्रिका में अध्ययन के निष्कर्षों को किया गया है प्रकाशित

शहरी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर उभार

दिल्ली-एनसीआर के कुछ हॉटस्पॉट जैसे- बिजवासन (28.5 मिमी/वर्ष), फरीदाबाद (38.2 मिमी/वर्ष) और गाजियाबाद (20.7 मिमी/वर्ष) में तेज धंसाव देखा गया। शहरी क्षेत्रों में भी स्थानीय स्तर पर उभार पाया। जैसे- दिल्ली-एनसीआर में द्वारका के पास वाले इलाके, जहां भू-धंसाव प्रति वर्ष 15 मिलीमीटर से अधिक की दर से बढ़ रहा। अंतरराष्ट्रीय नेचर सस्टेनेबिलिटी पत्रिका में अध्ययन के निष्कर्ष प्रकाशित किए गए हैं।

BRIEF NEWS

अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

HAZARIBAG : पेलावल ओपी पुलिस ने गुरुवार को गदोखर रोड स्थित जबरा पुल के पास से एक अज्ञात शव बरामद किया है। बताया गया है कि हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। और मामले की जांच की जा रही है।

को-ऑपरेटिव कॉलेज में 16 तक ऑनलाइन चलेंगी कक्षाएं

JAMSHEDPUR : घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को अधिग्रहित किया गया है। इसे देखते हुए को-ऑपरेटिव कॉलेज ने बीकॉम और एमकॉम समेत यूजी व पीजी की कक्षाएं ऑनलाइन संचालित करने का फैसला लिया है। कॉलेज की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने कॉलेज परिसर को 16 नवंबर तक अधिग्रहित कर लिया है। इसकी वजह से स्नातक व स्नातकोत्तर की सभी कक्षाएं 16 नवंबर तक ऑनलाइन मोड में संचालित होंगी।

शिक्षक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक, पीटा

JAMTARA : जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमजोरा में शिक्षक द्वारा एक छात्रा से बदसलूकी व छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने आरोपी प्रभारी शिक्षक को पकड़ कर बंधक बना लिया। उसके बाद शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने शिक्षक को करीब पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा। ग्रामीणों की सूचना पर स्कूल में पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने शिक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस शिक्षक को थाने ले गई। उसके बाद मामले की जांच-पड़ताल और पूछताछ कर रही है।

गुमला में दो बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत

GUMLA : गुमला के सदर थाना क्षेत्र में फोरी और पसंगा के बीच गुरुवार को शाम करीब 7.30 बजे बजे दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान बसुआ निवासी रमेश उरांव और पसंगा निवासी संतोष गोप के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रमेश उरांव अपनी बाइक से कार्तिक उरांव और खेतो उरांव के साथ गांव लौट रहा था। इसी बीच सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक, जिस पर संतोष गोप, जोरू उरांव और कुम्भाटोली निवासी रोपना पन्ना सवार थे, अनियंत्रित होकर भिड़ गई। जोरदार टक्कर में रमेश उरांव और संतोष गोप की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार्तिक उरांव, खेतो उरांव, जोरू उरांव और रोपना पन्ना गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को गुमला सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया।

तालाब में डूबकर सगे भाई-बहन की मौत

LATEHAR : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के महुआमिलान गांव में गुरुवार को तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे आपस में सगे भाई बहन थे। वहीं बच्चों के साथ तालाब में नहाने गई उनकी दादी तेतरी देवी भी तालाब में डूब रही थी, लेकिन लोगों की मदद से उन्हें बचा लिया गया। हालांकि महिला की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार धर्मपाल प्रजापति का छह वर्षीय पुत्र और आठ वर्षीय पुत्री अपनी दादी के साथ गांव के बगल में स्थित तालाब में नहाने गए थे। अचानक महिला तेतरी देवी पानी में डूबने लगी। अपनी दादी को पानी में डूबता हुआ देखकर दोनों बच्चों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन दोनों बच्चे भी डूबने लगे।

44 रक्तदाताओं की हुई जांच 3 निकले एचआईवी पॉजिटिव

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पहुंचे चाईबासा, कहा- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

PHOTON NEWS CHAIBASA : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी गुरुवार को चाईबासा पहुंचे। यहां उन्होंने ब्लड बैंक सहित पूरे अस्पताल परिसर की गहन जांच की। थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जांच में सामने आया है कि वर्ष 2023-24 से अब तक 253 रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया बच्चों को रक्तदान किया है। इनमें से अब तक 44 नमूनों की जांच हुई है, जिसमें 3 रक्तदाता ही एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। इन्हीं का रक्त बच्चों को चढ़ाया गया था। मंत्री ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है, इसलिए पूरे राज्य के ब्लड बैंकों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि चाईबासा के सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार माझी और नोडल डॉ. दिनेश संवैया को निलंबित कर दिया गया है, जबकि ब्लड बैंक के अनुबंधकर्मी मनोज कुमार को सेवा से हटा दिया गया है।

पत्रकारों से बात करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ● फोटोन न्यूज

संक्रमित बच्चों के परिवारों को दिया गया चेक, होगा मुफ्त इलाज

डॉ. अंसारी ने घोषणा की कि एचआईवी पॉजिटिव पाए गए पांचों बच्चों के परिवारों को सरकार की ओर से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा जांच के बाद भी रिपोर्ट पॉजिटिव रहती है, तो मैं व्यक्तिगत तौर पर भी दो-दो लाख रुपये दूंगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ब्लड बैंक में एलीजा जांच मशीन की कमी को जल्द दूर करने का निर्देश दिया गया है।

मंत्री ने दो बच्चों को गोद में लिया, दिए 5-5 हजार रुपये

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने ओपीडी में इलाज कराने आए दो छोटे बच्चों को गोद में लेकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने बच्चों से नाम और गांव पूछते हुए 5-5 हजार रुपये नकद सहायता दी। बाद में मंत्री ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात की, उन्हें आर्थिक सहयोग और मुफ्त इलाज का भरोसा दिलाया। इस दौरान डीसी चंदन कुमार, एसपी अमित रेणु, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. भारती मिंज, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. शिवचरण हांसदा समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

अस्पतालों में मिलेंगी आधुनिक जांच सुविधाएं

डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की कि राज्य के सभी सदर अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स-रे समेत आधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही राज्य में एंबुलेंस की कमी को देखते हुए नई एंबुलेंस खरीदी जा रही हैं, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।

ज्वेलर्स दुकान से 50 लाख की चोरी

PALAMU : पलामू के पांडू प्रखंड मुख्यालय स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स की दुकान में बुधवार की रात 50 लाख की चोरी हो गयी। चोर दुकान से 400 ग्राम सोना एवं 10 किलो चांदी ले गए। चोरों ने दुकान के शटर को जैक लगाकर उठाया और घटना को अंजाम दिया। दुकान के अंदर बने लॉकर को गैस कटर से काटकर गहनों पर हाथ साफ कर दिया। यह दुकान महूगांवा निवासी ओमप्रकाश सोनी और बाबूलाल सोनी की बताई गयी है। इस संबंध में गुरुवार शाम 5 बजे प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विगेश कुमार राय एवं पुलिस अंचल निरीक्षक रामआशिष पासवान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। घटना से आक्रोशित स्थानीय व्यापारियों ने बाजार में रात्रि प्रहरी (चौकीदार) नियुक्त करने और पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पांडू थाना बाजार से काफी दूरी पर स्थित होने के कारण बाजार क्षेत्र असुरक्षित होता जा रहा है।

अपहरण व हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा, दो हुए गिरफ्तार

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र में हुए अपहरण और हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला प्रेम प्रसंग और जमीन विवाद से जुड़ा है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 28 अक्टूबर को बली यादव, पिता हीरामन यादव ने सतबरवा थाना में आवेदन देकर बताया था कि उनके पुत्र पंकज कुमार यादव का अपहरण रमेश कुमार यादव और उसके साथियों ने हत्या की नीयत से कर लिया है। इस मामले में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। टीम ने मुख्य आरोपी रमेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो पता चला कि उसका पोची गांव की एक महिला से प्रेम संबंध था। मृतक पंकज कुमार यादव, जो उसका चचेरा साला था, ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। आरोपी को भय था कि पंकज यह बात सार्वजनिक कर देगा। इसी डर और पुराने जमीन विवाद के कारण रमेश कुमार यादव ने अपने साथी मंदीप कुमार यादव के साथ मिलकर छठ के पहले अर्घ्य की शाम पंकज को बाइक से पोची स्थित नहर के पास ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी। शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस ने सहआरोपी मंदीप कुमार यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन ● फोटोन न्यूज

घाटशिला चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई कमेटी

JAMSHEDPUR : घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इलेक्शन कैंपेन कमेटी और प्रखंडवार चुनाव संचालन समिति गठित कर दी है। यह कमेटी गठबंधन के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय होगी।

संजय सिंह आजाद ने बताया कि कमेटी के कार्य को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 1 नवंबर को घाटशिला के मारवाड़ी धर्मशाला में सुबह 11 बजे से बैठक करेंगे। इसमें जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रदेश प्रतिनिधि, प्रखंड क्षेत्र के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, चुनाव कैंपेन कमेटी व प्रखंडवार चुनाव संचालन समिति के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा कर दिशा-निर्देश देंगे।

भुइयांडीह में जुए के विवाद में हुई हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह स्थित कान्हू भट्ठा इलाके में जुए के दौरान हुए विवाद में दीपक विभार नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। सिदगोड़ा थाना की पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए वारदात के मुख्य आरोपी अशोक दुबे को बल्ले कांप्लेक्स के पास से गिरफ्तार कर लिया। अशोक दुबे को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। दीपक विभार का कत्ल 20 अक्टूबर की रात को हुआ था। घटना रात करीब एक बजे की है। कान्हू भट्ठा में इमली के पेड़ के नीचे जुआ हो रहा था। इसी दौरान यह घटना घटी थी। दीपक विभार को गोली मार दी गई थी। घायल दीपक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस मामले में 21 अक्टूबर को मृतक की मां मधु विभार के आवेदन पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों के जरिए यह पता लगाया कि इस घटना को अंजाम देने में अशोक दुबे का हाथ है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फरार आरोपी अशोक दूबे बल्ले कॉम्प्लेक्स के पास देखा गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

पत्रकारों को जानकारी देते थाना प्रभारी

पलामू में ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, बच्ची की मौत, पति-पत्नी हुए घायल

छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा स्थित बुलेट शोरूम के सामने हुई दर्दनाक दुर्घटना

AGENCY PALAMU : जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा में स्थित रॉयल इनफील्ड शोरूम के सामने गुरूवार को गलत दिशा से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर (जेएच 03 एएफ 8160) ने सामने से आ रही बाइक (जेएच 03 एजी 4283) को धक्का मारते हुए उसपर सवार दंपति को कुचल दिया। इससे उस पर सवार चार साल की बच्ची की मौत हो गयी, वहीं माता पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक सवार चिरु पंचायत के पटखाही के अब्दुल्लाह अंसारी (33) और उनकी पत्नी खुशनाज खातून (28) बताए गए हैं।

उनकी चार वर्षीय पुत्री रोशनी परवीन की मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय बच्ची अनाया परवीन बाल बाल बच गई। जिस समय दुर्घटना हुई, उसी दौरान हुसैनाबाद के एसडीएम अपनी गाड़ी से डालटनगंज जा रहे थे। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए घायल दंपत्ति को अपने वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल पति-पत्नी का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अब्दुल्लाह पत्नी के साथ चेगौना गांव स्थित ससुराल से एक बाइक पर सवार होकर पटखाही घर लौट रहे थे। छतरपुर की ओर से गलत लेन पकड़ कर आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में धक्का मारते हुए तीनों को कुचल दिया। गनीमत रही कि दो वर्षीय अनाया सड़क पर दूर गिर गई, बावजूद उसे खरोंच तक नहीं आई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे-139 को जाम कर दिया, लेकिन प्रशासन ने कुछ ही देर में जाम को हटाकर यातायात को सुचारू कराया। इधर, पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई। मौके पर ट्रैक्टर मालिक और दुर्घटना में घायल अब्दुल्लाह के परिजनों के बीच समझौता की बात चल रही थी।

थाना में जब्त किया गया ट्रैक्टर व बाइक

खूंटी में लापता वृद्ध का शव कुएं से किया गया बरामद

KHUNTI : तोरपा थाना क्षेत्र के हुसीर गांव से लापता 73 वर्षीय वृद्ध मसीह दास गुड़िया का शव गुरुवार की सुबह गांव के ही एक कुंए से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की सुबह मसीह दास गुड़िया का बेटा जय मसीह गुड़िया बैलों को चराने जा रहा था। इसी दौरान उसने एक कुंए के पानी की सतह पर कपड़ा तैरता देखा। करीब जाकर देखा तो वह कपड़ा उसके पिता मसीहदास गुड़िया का था। नीचे झांकने पर कुंए में उनका शव पानी में तैरता नजर आया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। बताया गया कि मसीह दास गुड़िया 28 अक्तूबर की सुबह घर से नाश्ता करने के बाद निकले थे, लेकिन उसके बाद वे वापस नहीं लौटे। परिवार और ग्रामीण लगातार उनकी खोजबीन में जुटे थे। परिजनों ने आसपास के रिश्तेदारों और इलाकों में भी खोज की, पर कोई पता नहीं चला। परिजन बताते हैं कि सोहराई पर्व के समय से ही मसीह दास गुड़िया मानसिक रूप से अस्वस्थ थे।

चलती बाइक पर गिरी पेड़ की डाली पुत्र की हुई मौत, माता-पिता घायल

AGENCY PALAMU : पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकही गांव से जपला रेलवे स्टेशन बाइक से जा रहे एक परिवार पर मुगलजान गांव के स्कूल के पास अचानक आम के पेड़ की डाली टूट कर गिर गई। घटना में बाइक चालक 32 वर्षीय सुरेंद्र मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता सुरेश मेहता और माता कमला देवी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना गुरुवार सुबह हुई। ग्रामीणों ने सभी को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने सुरेंद्र मेहता को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल सुरेश मेहता और उनकी पत्नी कमला देवी का उपचार किया जा रहा है। मुखिया रेणु देवी ने बताया कि सुरेश मेहता और कमला देवी को बरवाडीह - डेहरी पैसेंजर ट्रेन से डेहरी ऑन सोन जाना था। ट्रेन पकड़ने के लिए एक बाइक पर तीनों गांव से जपला रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में मातम सा माहौल है। सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की छानबीन में जुटी है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि चलती बाइक पर पेड़ की डाली गिरने से हादसा हुआ। एक की मौत हुई है। दो जख्मी हैं। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

अस्पताल में जुटे मृतक के परिजन व अन्य

परियोजना बिरसानगर प्रधानमंत्री आवास योजना में सड़क का एस्टीमेट मंजूर, बिजली कनेक्शन का काम तेजी से शुरू

अगले साल लाभुकों को सुपुर्द किए जाएंगे पीएम आवास के 644 फ्लैट

MUJTABA RIZVI @ JSR : बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को 644 फ्लैट नए साल में आवंटित कर दिए जाएंगे। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) पूरी तैयारी के साथ कैंपस को रहने लायक बनाने में जुट गई है। यहां तकरीबन डेढ़ किमी सड़क निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग ने एस्टीमेट तैयार कर लिया है। इस एस्टीमेट को विभाग की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इस सड़क निर्माण का टेंडर कराया जाएगा। इसके अलावा, बिजली विभाग भी इन 644 फ्लैटों में बिजली का कनेक्शन देने की कवायद में जुटा है। जेएनएसी के अधिकारियों का कहना है कि यह सारे काम दिसंबर के अंत तक पूरे कर लिए जाएंगे और नए साल में लाभुकों का इन फ्लैट में गृह प्रवेश करा दिया जाएगा।

बिरसानगर स्थित निर्माणाधीन पीएम आवास ● फोटोन न्यूज

एक ब्लॉक में 8 ट्रांसफॉर्मर

फ्लैटों में बिजली आपूर्ति के लिए एक ब्लॉक में आठ ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। एक ट्रांसफार्मर 500 केवीए का होगा। इसके लिए बिजली विभाग से बात हो गई है। जल्द ही यहां ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू होगा।

एक ब्लॉक के लिए चार लाख मिलियन लीटर पर डे की क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया गया है। इसे भरने के लिए हर ब्लॉक में दो-दो बोरिंग की गई है। पानी फ्लैट में चढ़ाने के लिए नीचे एक संप भी बनाया जा रहा है।

48 एकड़ में बनेंगे 9592 फ्लैट

गौरतलब है कि बिरसानगर में 48 एकड़ रकबे में 9592 फ्लैट बनाए जाने हैं। यह फ्लैट 23 ब्लॉक में बनाए जाने हैं। इनमें से दो ब्लॉक में ही निर्माण कार्य तेजी से कराया गया है। बाकी ब्लॉक में निर्माण कार्य सुस्त चल रहा है।

अब तक 5366 लोगों की हुई लॉटरी

तैयार हो चुके 644 फ्लैटों के आवंटन के लिए 5366 लोगों की लॉटरी की गई है। इनमें से 644 लोगों को चुना गया है। अब तक 300 लाभुक ही ऐसे हैं जिन्होंने चार लाख 31 हजार रुपये की किस्त जमा कर दी है। बाकी बाकी लाभुक किस्त अदा करने की प्रक्रिया में हैं। इनमें से लगभग 800 लोगों ने एक लाख 1500 रुपये की पहली किस्त दी है। 500 लोगों ने दो किस्तें, 400 लोगों ने तीन किस्तें जमा की हैं। इसके अलावा, 350 फाइलें बैंक में लोन की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। माना जा रहा है कि बैंकों की लापरवाही के चलते भी योजना में देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि बैंक लाभुकों को लोन देने से कतरा रहे हैं। लाभुक रोज लोन के लिए परेशान हो रहे हैं। बैंकों का चक्कर काट रहे हैं। मगर, बैंक कर्मी उन्हें आज कल आने की बात कह कर टरका रहे हैं।

ईसाई पुरोहित की फंदे पर लटकी मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

GUMLA : जारी थाना क्षेत्र के जरडा पंचायत अंतर्गत परसा पारिस में गुरुवार को 25 वर्षीय पुरोहित (ब्रदर) रिचर्ड खलखो की प्लास्टिक की रस्सी के सहारे खिड़की से फंदे पर लटकी लाश मिली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी देते हुए पल्ली पुरोहित फादर फिलमोन एक्का ने बताया कि दोपहर तीन बजे स्कूल की छुट्टी के बाद जब सभी लोग आवास लौटे, तो ब्रदर रिचर्ड का कमरा बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर भी भीतर से कोई आवाज नहीं आई। इससे अनहोनी की आशंका हुई और तुरंत जारी के थाना प्रभारी आदित्य कुमार को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा गया। भीतर ब्रदर रिचर्ड को प्लास्टिक की रस्सी के सहारे खिड़की से लटका हुआ पाया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के पिता जस्टीन खलखो डुमरी थाना क्षेत्र के रजावाल पारिश के अम्बाटोली के निवासी हैं। मृतक के भाई अमल खलखो ने बताया कि रिचर्ड काफी मिलनसार स्वभाव के थे और परिवार के सबसे बड़े पुत्र थे। वे करीब 16 महीनों से परसा पारिस में अपनी धार्मिक सेवा दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाई ने आत्महत्या क्यों की, यह समझ से परे है, क्योंकि उन्होंने कभी किसी तरह का तनाव प्रकट नहीं किया था।

घटनास्थल पर मौजूद लोग

आपराधिक गिरोहों की काली कमाई पर झारखंड एटीएस की टेढ़ी नजर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों की काली कमाई पर झारखंड एटीएस की टेढ़ी नजर पड़ चुकी है। खौफ के बल पर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों के खाते पुलिस के रडार पर हैं। जांच के क्रम में कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं। जिसमें सबसे बड़ा खुलासा ये है कि अपराधी बैंकों में करोड़ों रुपये नकद जमा कर रहे हैं। झारखंड के अपराध जगत में इन दिनों नकद का चलन जोरों पर है। बड़े अपराधी अपने करीबियों और रिश्तेदारों के खातों में अपनी काली कमाई नकद में जमा करवा रहे हैं। झारखंड के नामी गैंगस्टर्स के मनी ट्रेल की जांच कर एटीएस को यह चौंकाने वाली जानकारी मिली है। जिसके बाद अपराधियों की काली कमाई की जांच गहराई से की जा रही है। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि सभी नगद ट्रांजेक्शन की जांच शुरू कर दी गई है। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि झारखंड के संगठित आपराधिक गिरोहों के गैंग लीडर्स और उनके सगे-संबंधियों के खातों की बड़े लेवल पर जांच चल रही है। जांच के दौरान एटीएस ने वैसे खातों की जांच शुरू की है जिनमें बड़ी रकम नगद के रूप में खातों में जमा कराई गई और निकाली गई। जांच के दौरान हेवी कैश ट्रांजेक्शन और डिपॉजिट किए जाने से संबंधित जानकारी मिली है। हालांकि जिन बड़े अपराधियो के खातों में नकद जमा करने के साक्ष्य एटीएस को मिले हैं उनके नामों का खुलासा जांच प्रभावित होने की वजह से नहीं किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि लगभग हर बड़े अपराधी ने अपने कारीबियों के खाते में बड़ी रकम जमा कराई है।

बैंकों में नकद जमा करवा रहे कई कुख्यात अपराधी, जांच के दौरान करोड़ों के ट्रांजेक्शन के मिले सबूत

खौफ के बल पर संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों के खाते पुलिस के रडार पर, चौंकाने वाले हुए खुलासे

- अपने करीबियों और रिश्तेदारों के खातों में अपनी काली कमाई नकद करा रहे जमा
- आपराधिक गिरोहों के गैंग लीडर्स और उनके सगे-संबंधियों के खातों की बड़े लेवल पर चल रही जांच
- खातों में हेवी कैश ट्रांजेक्शन और डिपॉजिट किए जाने से संबंधित मिली है जानकारी
- जांच प्रभावित होने की वजह से नहीं किया गया नामों का खुलासा

दो दर्जन से ज्यादा लोगों की पहचान

अमन साव (अब मृत), सुजीत सिन्हा, प्रिंस खान, डब्लू सिंह, मयंक सिंह और विकास तिवारी जैसे गैंगस्टर्स की काली कमाई को कारोबार में लगाने वाले सफेदपोश, गैंगस्टर्स के करीबी और रिश्तेदार बड़े संकट में फंसने वाले हैं। झारखंड में सक्रिय संगठित अपराधी गिरोह पर लगाम लगाने के लिए झारखंड एटीएस के साथ-साथ कई एजेंसियां साथ में मिलकर काम कर रही हैं। इसी कड़ी में झारखंड एटीएस ने ऐसे दो दर्जन से ज्यादा लोगों की पहचान कर ली है जो झारखंड के संगठित आपराधिक गिरोहों की कमाई को बैंकों में नगद के रूप में जमा कर रहे थे। फिर उसी पैसे को विभिन्न तरह कारोबार में लगा रहे हैं और उसका मुनाफा अपराधियों तक पहुंचा रहे हैं। झारखंड के दुर्दांत अपराधियों की करोड़ों की संपत्ति का पता एटीएस को मिल चुका है। अब धीरे-धीरे संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके तहत जो संपत्ति अपराधियों के नाम पर है उसे सीधे तौर पर जब्त की जाएगी, जबकि जो संपत्ति उनके रिश्तेदारों के नाम पर हैं वैसे लोगों को नोटिस के जरिए ये बताना होगा की संपत्ति लीगल है या इलीगल।

पुख्ता सबूत नहीं देने पर जब्त की जाएगी संपत्ति, जाना होगा जेल : एटीएस एसपी

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि अपराधियों की काली कमाई का निवेश करने वाले लोगों की सूची बना कर उन्हें नोटिस किया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद चाहे गैंगस्टर के परिवार वाले हों या फिर उनके नजदीकी दोस्त या फिर बिजनेसमैन उन सब को खरीदी गई संपत्ति और किए गए निवेश को लेकर पुख्ता सबूत देने होंगे। अगर वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो नए कानून के हिसाब से तीन साल की सजा तो है ही साथ ही सारी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। एटीएस के अनुसार कुछ ऐसे खाते भी हैं, जो संगठित आपराधिक गिरोहों से संबंधित हैं। उन खातों में करोड़ों रुपये नगद जमा कराए गए हैं। करोड़ों रुपये जिन खातों में जमा हुए हैं वे खाते बड़े अपराधियों के हैं। ऐसे में हर खाते जांच की जा रही है। बड़े पैमाने पर बैंक स्टेटमेंट निकाले गए हैं। दरअसल, झारखंड के बड़े आपराधिक गिरोह एक्सटॉर्शन के जरिए करोड़ों की उगाही करते हैं। व्यापारी हो या कारोबारी जो अपराधियों के खौफ के आगे हार कर उन्हें पैसे देते हैं, वह नगद ही होता है। एक्सटॉर्शन के जरिए की गई कमाई ही अपराधी बैंकों में जमा कर रहे हैं।

BRIEF NEWS

पैतृक मैपिंग कार्य तेजी व त्रुटिरहित पूरी करने का निर्देश

RANCHI : झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज देने पड़ें, इसके लिए 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की पैतृक मैपिंग का कार्य तेजी और त्रुटिरहित ढंग से पूरी की जाए। के. रवि ने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, जिनमें सभी बीएलओ अनिवार्य रूप से शामिल हों। बीएलओ को भौतिक सत्यापन के बाद सभी मतदाताओं का डेटा बीएलओ ऐप पर दर्ज करने को कहा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कैंप स्थलों पर हाई स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे पुनरीक्षण कार्य के लिए सटीक और अद्यतन डेटा उपलब्ध हो सकेगा। समीक्षा के दौरान के. रवि कुमार ने बुक ए कॉल विथ बीएलओ सुविधा की भी समीक्षा की और कहा कि इस सेवा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक मतदाता इसका लाभ उठा सकें।

प्रबंधन ने तेज कर दी है मैनपावर और टेस्टिंग बढ़ाने की प्रक्रिया

रिम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग में जल्द शुरू होगी इमरजेंसी सर्विस

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब इमरजेंसी सेवा शुरू करने की तैयारी है। इस दिशा में रिम्स प्रबंधन ने काम तेज कर दिया है। साथ ही विभाग में बेड की संख्या बढ़ाने और मैनपावर बढ़ाने के लिए भी कार्रवाई जारी है। इसके बाद एक ही छत के नीचे कैंसर मरीजों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ऑन्कोलॉजी विभाग के वार्षिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस साल अब तक ओपीडी में 10,959 मरीज इलाज के लिए आए। इनडोर में 3,900 मरीजों का इलाज किया गया। 627 मरीजों के मेजर ऑपरेशन और 1,451 मरीजों के माइनर ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा 118 सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत की गई हैं। यह आंकड़े बता रहे हैं कि रिम्स कैंसर के इलाज में अहम भूमिका निभा रहा हैं। विभाग में पैथोलॉजिकल परीक्षण, जैसे- इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री और म्यूटेशन विश्लेषण (पैथोलॉजी एवं जेनेटिक्स एंड जीनोमिक्स विभाग के माध्यम से) शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। रिम्स प्रबंधन का लक्ष्य है कि जल्द ही विभाग में 24 घंटे इमरजेंसी ऑन्कोलॉजी सेवा प्रारंभ की जाए, ताकि कैंसर मरीजों को किसी भी समय त्वरित इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

इस साल अब तक ओपीडी में इलाज कराने आए 10,959 मरीज

कैंसर सर्जरी के लिए आवश्यक दवाएं और जरूरी चीजें भी उपलब्ध

रिम्स में कैंसर रोगियों को सामान्य कीमोथेरेपी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। कैंसर सर्जरी के लिए आवश्यक दवाएं और जरूरी चीजें भी रिम्स ही उपलब्ध कराता है। वहीं मोनोक्लोनल एंटीबॉडी और इम्यूनोथेरेपी जैसी उन्नत दवाएं जो आयुष्मान भारत योजना में शामिल नहीं हैं, चुनिंदा मरीजों को केस-टू-केस आधार पर मुफ्त दी जा रही हैं। इसके अलावा कीमोथेरेपी से पहले की सभी टेस्ट रिम्स में ही की जाती हैं। जल्द ही रिम्स में पेट स्कैन और हायर मॉलिक्युलर एंटी बॉडीज या इम्यूनोहिस्टो केमिस्ट्री शुरू करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। रिम्स जीबी ने निर्णय लिया है कि पेट स्कैन सुविधा को पीपीपी मॉडल के तहत शुरू किया जाएगा।

मैनपावर से मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा

वर्तमान में ऑन्कोलॉजी विभाग में चार फैकल्टी सदस्य कार्यरत हैं। इनमें दो रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और दो सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ शामिल हैं। मेडिकल ऑन्कोलॉजी के लिए भी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है और विज्ञापन जारी किया गया है। रिम्स प्रशासन का कहना है कि विशेषज्ञों की संख्या बढ़ने से कैंसर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। बता दें कि रिम्स केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों के कैंसर मरीजों के लिए भी उपचार का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

NEWS BOX

वर्कशॉप में वक्फ संपत्तियों को 'उम्मीद' पोर्टल पर अपलोड करने की दी गई जानकारी

RANCHI : गुरुवार को मजलिस उलेमा झारखंड ने हाउस रांची में वक्फ संपत्तियों को 'उम्मीद' पोर्टल पर अपलोड करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें औकाफ के मुतवल्ली ने भाग लिया। मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना साबिर हुसैन और मजलिस उलेमा झारखंड के महासचिव हजरत मौलाना मुफ्ती तल्हा नदवी ने बताया कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संपत्तियों को 5 दिसंबर की समय सीमा तक 'उम्मीद पोर्टल' पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से राईन मस्जिद को उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत करके दिखाया गया। उपस्थित लोगों को पोर्टल पर अपलोड करने के बारे में बताया गया। झारखंड वक्फ बोर्ड के मास्टर ट्रेनर और कंप्यूटर ऑपरेटर मुहम्मद वजीउल्लाह ने अपलोड कर संबंधित बातों की जानकारी दी। मुहम्मद फैजी, एडवोकेट एके रशीदी, एडवोकेट सरफराज, एडवोकेट सुल्तान, एडवोकेट सोहैब रजा ने लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस वर्कशॉप में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर पर 'उम्मीद पोर्टल' की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड वक्फ बोर्ड की अहम भूमिका रही। मौके पर मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी, मुफ्ती तल्हा नदवी, मौलाना शरीफ अहसन मजाहिरी, हजरत कारी सोहैब अहमद, मौलाना जियाउल हुदा इस्लाही, मौलाना नजमुद्दीन, मुफ्ती मुहम्मद कमर आलम कासमी, हाजी फिरोज राइन, मेराज गद्दी, मौलाना आसिफुल्लाह, एडवोकेट एके रशीदी, एडवोकेट सरफराज, एडवोकेट सुल्तान, वजीहुल्लाह, मुहम्मद इस्लाम, वहाब दानिश, हाफिज हमजा अन्य लोग मौजूद थे।

सभी पर्यवेक्षक बीएलओ से प्रतिवेदन प्राप्त कर मतदाताओं के मैपिंग कार्य में लें भाग : एसडीओ

RANCHI : गुरुवार को रांची के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय (ब्लॉक ए) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित दिशा-निर्देशों की समीक्षा की गई । साथ ही यह निर्देश दिया गया कि सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने अधिनस्थ बीएलओ से प्रतिवेदन प्राप्त कर मतदाताओं की मैपिंग कार्य में सक्रिय रूप से भाग लें। राज्य निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार सभी पंचायतों एवं वार्ड स्तर पर बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की ऑनलाइन मैपिंग कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा गया। इस संबंध में बीएलओ को 2003 के मतदाता सूची के अनुसार वर्ग ए, बी, सी, डी में मतदाताओं को वगीर्कृत कर डिजिटल रूप से मैपिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्य निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र में मतदाताओं की मैपिंग एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें।

झारखंड गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर वृहद तरीके से मनेगा स्थापना दिवस, तैयारी तेज

RANCHI : झारखंड सरकार ने इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। राज्य के सभी जिलों में 15 नवंबर को स्थापना दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालयों से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर यह समारोह काफी वृहद रूप से मनाया जायेगा। समारोह का शुभारंभ 11 नवंबर को होगा, मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर व 16 नवंबर को समापन होगा। वहीं, इसी कड़ी में 18 से 28 नवंबर तक सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किए जायेंगे। 29 नवंबर को रांची में नियुक्ति पत्र का वितरण समारोह भी आयोजित किया जाना है। इस बार झारखंड एट 25 थीम पर सभी स्कूलों एवं कॉजेज स्तर पर पेंटिंग, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी। 11 से 14 नवंबर तक तक शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, कल्याण विभागों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

आदिवासी अधिकारों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ देशव्यापी अभियान की बनेगी कार्ययोजना : जितेन

RANCHI : आदिवासी अधिकार राष्ट्रीय मंच की अखिल भारतीय समन्वय समिति की दो दिवसीय बैठक रांची में शुरू हुई। देश के 15 राज्यों से आए समिति सदस्य इस बैठक में भाग ले रहे हैं।बैठक का उद्घाटन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं त्रिपुरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जितेन चौधरी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समुदाय के संवैधानिक अधिकारों को सीमित करने और उनके जल, जंगल, जमीन व खनिज संसाधनों पर कॉरपोरेट कब्जे की कोशिशें तेज हुई हैं। उन्होंने घोषणा की कि मंच आने वाले महीनों में आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए देशव्यापी जनअभियान चलाएगा। स्वागत समिति के अध्यक्ष और झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा ने कहा कि आदिवासियों को अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए सजग रहना होगा। उन्होंने जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग पहचान के कॉलम की आवश्यकता पर बल दिया और संविधान की पांचवीं अनुसूची तथा सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णयों के संरक्षण पर प्रकाश डाला। बैठक को मंच के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व सांसद पुलिन बिहारी बास्की, उपाध्यक्ष बृंदा कारात, खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव वेंकटेश के, संताल परगना संयोजक सुभाष हेम्ब्रम, छोटानागपुर संयोजक सुखनाथ लोहरा और आदिम जनजाति मंच के देवी सिंह पहाड़िया ने भी संबोधित किया।

आरपीएफ ने रेल की पटरी काट रहे दो लोगों को किया अरेस्ट, 5 फरार

PHOTON NEWS RANCHI : रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति की चोरी मामले में बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ टीम ने 29 अक्टूबर को देर रात गुप्त सूचना के आधार पर जोन्हा और कीता रेलवे स्टेशन के बीच छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दो व्यक्तियों को रेल लाइन की पटरी काटते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वहीं उनके पांच साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैफ अली खान और इमरान खान के रूप में हुई है। दोनों गोलपर रामगढ़ के रहने वाले हैं। मौके से आरपीएफ ने लगभग 7 मीटर रेलवे लाइन, गैस कटर, ऑक्सीजन और गैस सिलेंडर, टारपोलिन, एक पिकअप वाहन और स्विफ्ट कार बरामद की। दोनों को रेलवे संपत्ति (अनधिकृत कब्जा) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला समेत सैकड़ों ने थामा कांग्रेस का दामन

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को कांग्रेस भवन रांची में पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव और पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विशेष रूप से कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने नये सदस्यों को कांग्रेस परिवार में माला पहनाकर और कांग्रेस का पट्टा देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के संघर्षों और देश में वोट चोरी को रोकने के लिए अब लोग जागरूक हो रहे है। यह उसी का परिणाम है कि नये और बिछड़े लोग भी कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।

आदिवासी विरोधी कारनामों से भरा पड़ा है हेमंत सरकार का कार्यकाल : आरती

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने झारखंड की हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार आदिवासी समाज की दुश्मन है और पिछले 6 वर्षों में इस सरकार ने आदिवासी समुदाय के खिलाफ कई नीतियां बनाई हैं। उन्होंने 25 अक्टूबर को चाईबासा में हुई दिल दहला देने वाली घटना का उदाहरण दिया, जिसमें 5 आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने का मामला सामने आया। उन्होंने इसे इलाज के नाम पर हत्या बताया और कहा कि सरकार इसे रफा-दफा करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि संथाल परगना में आदिवासी समाज के उभरते नेताओं की हत्याएं हुई हैं और सरकार की इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं है। उन्होंने आदिवासी जमीनों के अवैध कब्जे और घुसपैठियों की बढ़ती समस्या पर भी चिंता जताई।

रातू रोड फ्लाईओवर के नीचे गंदगी और मच्छर निकासी व्यवस्था फेल

RANCHI : राजधानी रांची को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए शहर में कई फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। इनसे लोगों को उम्मीद थी कि सड़क पर जाम से मुक्ति मिलेगी और आवाजाही आसान होगी। लेकिन इन फ्लाईओवरों की अधूरी और लापरवाहीपूर्ण फिनिशिंग अब खुद शहर के लिए नई समस्या बनती जा रही है। सबसे बड़ा उदाहरण रातू रोड फ्लाईओवर है, जहां निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था अधूरी छोड़ दी गई है। फ्लाईओवर के पिलरों में पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए हैं, लेकिन इन पाइपों को सड़क किनारे की नालियों से नहीं जोड़ा गया है। इससे बारिश या सफाई के बाद फ्लाईओवर से गिरने वाला पानी नीचे पिलर के दोनों तरफ बने गड्ढों में जमा हो जाता है। इन गड्ढों की बनावट ऐसी है कि अब ये छोटे-छोटे टैंक बन गए हैं, जिनमें पानी हफ्तों तक भरा रहता है।

संकल्प — पार्टी को धारदार बनाने के लिए किए जा रहे उच्च स्तर के जमीनी प्रयास

संगठन में नई जान फूंकने को सक्रियता से आगे बढ़ रही कांग्रेस

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में कांग्रेस अपने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एक प्रकार से नई जान फूंकने की चौतरफा कोशिश चल रही है। पार्टी का संगठन सृजन अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस अभियान के तहत राज्यभर में पार्टी संरचना को नए सिरे से संगठित करने, बूथ स्तर तक संगठन को धारदार बनाने और कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है। इस दिशा में अब झारखंड कांग्रेस एक बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है, जिसमें सभी जिलाध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों और जिला ऑब्जर्वरों को राजनीतिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि कांग्रेस ने वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देशभर में पार्टी की जड़ों को मजबूत करना और हर स्तर पर संगठन को पुनर्गठित करना है। इसी क्रम में झारखंड कांग्रेस ने भी मंडल अध्यक्ष जैसी नई अवधारणा को अपनाया है, जिससे कार्यकताओं की भूमिका और जिम्मेदारी स्पष्ट हो सके। अब हर जिले से लेकर मंडल स्तर तक जिम्मेदारी तय की जा रही है, ताकि पार्टी का संदेश गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच सके।

बूथ लेवल तक दल को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को मिल रही ट्रेनिंग

जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों को भी मिलेगा राजनीतिक प्रशिक्षण

पार्टी को मिलेगी नई ऊर्जा और दिशा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि संगठन सृजन अभियान का यह चरण पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला साबित होगा। उनके अनुसार, यह केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि विचारधारा, रणनीति और संगठनात्मक दक्षता का संगम होगा। हम चाहते हैं कि हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को न केवल कांग्रेस की नीतियों की गहरी समझ हो, बल्कि वह अपने क्षेत्र में प्रभावशाली नेतृत्व की भूमिका निभा सके।

10 से 19 नवंबर तक चलेगा प्रशिक्षण शिविर

रांची के कटहल मोड़ स्थित बैकेट हॉल में 10 नवंबर से 19 नवंबर तक यह विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें राज्य के सभी 24 जिलों से कार्यकर्ता और पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रतिदिन तीन जिलों के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा, जिन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से आए विशेषज्ञ ट्रेनर प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल प्रेसिडेंट और डीसीसी आब्जर्वर शामिल होंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठन की कार्यप्रणाली, चुनावी रणनीति, जनसंपर्क कौशल, सोशल मीडिया की भूमिका और कांग्रेस की वैचारिक प्रतिबद्धता पर विस्तृत जानकारी देना है।

बड़े नेताओं की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

झारखंड कांग्रेस के इस प्रशिक्षण अभियान में शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी रहेगी। झारखंड प्रभारी के. राजू, सह-प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में मंडल और बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां तय की जा चुकी हैं। अब इन जिम्मेदार लोगों को व्यवहारिक और राजनीतिक प्रशिक्षण देकर उन्हें मजबूत बनाया जा रहा है ताकि आगामी चुनावों में कांग्रेस एक संगठित, अनुशासित और तैयार टीम के रूप में मैदान में उतर सके।

झामुमो ने निकाली भाजपा नेताओं की शवयात्रा, जलाए गए पुतले

चम्पाई सोरेन, मधु कोड़ा, गीता कोड़ा व नितिन गडकरी के खिलाफ हुई नारेबाजी

PHOTON NEWS CHAIBASA : झामुमो ने गुरुवार को भाजपा नेताओं की शवयात्रा निकाली, फिर उनके पुतले जलाए। जिन भाजपा नेताओं का पुतला दहन किया गया, उनमें पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन व मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शामिल हैं। झामुमो ने घंटाघर से शवयात्रा निकालकर पोस्टऑफि स चौक पर पुतला दहन किया। इस मौके झामुमो के जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम ने कहा कि नो एंट्री और सड़क दुर्घटनाओं के मुद्दे को हथियार बनाकर भाजपा के उपरोक्त नेता एक सुनियोजित साजिश रच कर लोगों को मंत्री दीपक बिरुवा के खिलाफ भड़काने का काम कर रहे थे, ताकि मंत्री की छवि धूमिल की जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा

चाईबासा में पोस्ट ऑफिस चौक पर पुतला दहन करते झामुमो कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

4000 करोड़ के घोटाले में शामिल रहे हैं। आज भी वे गाड़ी पकड़ने और छोड़ने का खेल खेलकर खनन माफिया से कमीशन वसूली के धंधे में लिप्त हैं। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से भेंटवार्ता के दौरान एक सोची समझी रणनीति के तहत मधु कोड़ा ने जानबूझ कर उपायुक्त से उलझने का काम किया, ताकि मामला और ज्यादा उलझे और वे उसकी आग में अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सकें। भाजपा कोल्हान को अशांत कर अपनी खोई हुई राजनीति चमकाना चाहती है। भाजपा नेताओं की गलत नीति के कारण ही हमारे भोले भाले आदिवासी कानून की जाल में फंस गए हैं, जो चिंता का विषय है। धरना-प्रदर्शन में झामुमो के जिला सचिव राहुल आदित्य, जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी, दीपक प्रधान, इकबाल अहमद, विश्वनाथ बाड़ा, डोमा मिंज, मनोज लागुरी, निसार हुसैन (डोगर), तहसीन अहमद, सोमनाथ चातर, मंगल तुबिद, नारायण तुबिद, दिनेश तुम्बलिया, सतीश सुंडी, मन्नाराम कुदादा समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर हो कार्रवाई : भाजपा

CHAIBASA : भाजपा के प्रेस प्रवक्ता जितेंद्र ओझा ने गुरुवार को कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में बाईपास सड़क पर लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ग्रामीणों और आदिवासी संगठनों द्वारा नो-एंट्री लागू करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन किया जा रहा था। परंतु, प्रशासन ने रात के अंधेरे में आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे, जिससे अनेक लोग घायल हुए। 74 लोगों पर नामजद और 500 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया और 16 से अधिक निर्दोष ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया। यह झारखंड बनने के बाद आदिवासी समाज पर हुई सबसे गंभीर पुलिसिया कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस निर्दोष ग्रामीणों को तत्काल बिना शर्त रिहा करे, घायलों का मुफ्त इलाज कराए और लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

नीमडीह थाना क्षेत्र के चुनचुरिया गांव में हुआ हादसा

पत्नी को लाने ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, डंपर ने मारी टक्कर

चालक फरार, पुलिस ने वाहन नंबर किया ट्रेस

PHOTON NEWS JSR : सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना अंतर्गत पारगामा पंचायत के चुनचुरिया गांव के जामडीह टोला में गुरुवार को एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक बाइक सवार की जान चली गई। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र के बेलडीह गांव का निवासी धनंजय दास था। धनंजय अपनी पत्नी को लाने कुकडू की तरफ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तालाब के पास बने एक घुमावदार मोड़ पर कुकडू की तरफ से आ रहे खाली डंपर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि धनंजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

घटनास्थल पर शव के पास बिलखती पत्नी ● फोटोन न्यूज

कुकडू में धनंजय की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ पति के आने की प्रतीक्षा कर रही थी। मोबाइल पर सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंची। पति का शव देख कर वह बच्चों के साथ फफक-फफककर रोने लगी। वहां मौजूद लोगों की भी इस मंजर को देखकर आंखें नम हो गईं। सूचना मिलते ही नीमडीह के थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार डंपर का नंबर ट्रेस कर लिया गया है और वाहन का विवरण परिवहन विभाग से मंगाया जा रहा है। चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक के परिजनों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है।

समाचार सार

डोबो पुल से नदी में कूदी छात्रा, मछुआरों ने बचाई जान

JAMSHEDPUR : सोनारी थाना अंतर्गत डोबो पुल से 13 वर्षीय छात्रा ने गुरुवार की सुबह स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, उसे नीचे मछली पकड़ रहे मछुआरों ने बचा लिया। छात्रा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़ती है। बताते हैं कि छठ पूजा की छुट्टियों के बाद छात्रा अपनी मां के साथ हॉस्टल लौट रही थी। रास्ते में उसकी मां ने किसी काम के लिए थोड़ी देर रुकने को कहा। तभी बच्ची अचानक पुल की तरफ बढ़ी और बिना कुछ कहे नदी में कूद गई। इससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। नदी के किनारे जाल डाल रहे मछुआरों ने बिना समय गंवाए पानी में छलांग लगा दी। कुछ ही देर में छात्रा को बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। सोनारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे जरूरी प्रक्रिया पूरी कर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि छात्रा तनाव में थी और हॉस्टल जाने को तैयार नहीं थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर बच्ची हॉस्टल क्यों नहीं जाना चाहती थी और उसके तनाव की वजह क्या है। हॉस्टल प्रबंधन और बच्ची से संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

अक्षय नवमी पर टेल्को में महाप्रसाद वितरित

JAMSHEDPUR : टेल्को की आमबगान छठ पूजा समिति ने गुरुवार को आमबगान मैदान में अक्षय नवमी मनाया, फिर महाप्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे महाप्रसाद ग्रहण किया। संजय सिंह हितैषी की अगुवाई में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरविद उर्फ मलखान सिंह, झारखंड क्षत्रिय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू सिंह, शिवशंकर सिंह, राजेश सिंह बम, जिला पार्षद डॉ. कविता परमार, मंजू सिंह, मुकेश राय, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार, बिनोद सिंह, परितोष सिंह आदि भी मौजूद थे।

रोटरी फेमिना ने साकची मंडी में बांटा नाश्ता

JAMSHEDPUR : रोटरी क्लब फेमिना द्वारा संचालित अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के अंतर्गत गुरुवार को साकची की सब्जी मंडी में श्रमिकों के बीच नाश्ता वितरण किया गया। क्लब ने बताया कि इस सेवा कार्यक्रम में 250 श्रमिक लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ. रेणुका चौधरी, सचिव वासंती रघुराम, पसम आडेसरा, मोनीदीपा दंडपात आदि सक्रिय रहीं।

बिष्टुपुर में चला नेत्रदान जागरूकता अभियान

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी महिला मंच ने गुरुवार को बिष्टुपुर में नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाया। पीएम मॉल में चले अभियान में मंच की मंजू खंडेलवाल, प्रभा पाड़िया, बीना खीरवाल, सुशीला खीरवाल, सुलभा अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल, सीमा चौधरी और मॉल के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

सीआईआई का सेफ्टी कॉन्फ्रेंस आज

JAMSHEDPUR : सीआईआई, झारखंड की ओर से 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को सेफ्टी कॉन्फ्रेंस कराया जा रहा है। आदित्यपुर स्थित होटल क्रूज में सुबह 10 बजे से होने वाले सम्मेलन में विशेष रूप से औद्योगिक सुरक्षा पर चर्चा होगी।

कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ भागवत कथा यज्ञ

CHAIBASA : पश्चिमी जिले के चक्रधरपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कलश यात्रा के साथ गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा यज्ञ शुरू हो गया। यह अनुष्ठान 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक शहर के पोड़ाहाट स्टेडियम में चलेगा। भागवत कथा में ओड़िशा के प्रसिद्ध कथावाचक पं. जीतू दास महाराज प्रवचन देंगे, जबकि सांस्कृतिक संध्या में शाम 6 से रात 9 बजे तक प्रसिद्ध कलाकार नाट्यश्री देवराज क्षत्रिय महाराज के निर्देशन में कृष्णलीला की मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी। गुरुवार को इसका शुभारंभ 1008 कलश यात्रा निकाल कर किया गया, जो थाना रोड स्थित मुक्तिनाथ घाट से निकाली गई। यज्ञ में यजमान के रूप में अशोक प्रधान और उनकी पत्नी ने संकल्प पूजा की।

भाजपा के कई वरिष्ठ नेता झामुमो में शामिल

रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता

PHOTON NEWS GHATSILA : घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव की सियासत में बड़ा फेरबदल तब देखने को मिला, जब गुरुवार को भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और नेता झामुमो में शामिल हो गए। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, जिला परिषद सदस्य खगेन महतो, घाटशिला के भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार, मुसाबनी के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रो, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महाली तथा जमशेदपुर के सुप्रसिद्ध जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह सहित कई अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने झामुमो की सदस्यता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ग्रहण की। यह कदम पूर्वी सिंहभूम की राजनीति में नया समीकरण पैदा करने वाला माना जा रहा है। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी एवं जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू भी उपस्थित रहीं।

रांची में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम हेमंत सोरेन के साथ भाजपा से आए नेता ● फोटोन न्यूज

भाजपा ने चारों को किया पार्टी से निष्कासित

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, मुसाबनी के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रो व भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश महाली को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। सिंह ने बताया कि जिला अध्यक्ष की अनुशंसा के आलोक में उपचुनाव-2025 में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में संलिप्तता पाई गई है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार इन लोगों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

सारंडा में घायल सीआरपीएफ इंस्पेक्टर का हो गया निधन

CHAIBASA : नक्सलियों के प्रतिरोध सप्ताह के दौरान 10 अक्टूबर को सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा का गुरुवार को निधन हो गया। हमले में घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था। वहां गुरुवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। कौशल कुमार मिश्रा बिहार के समस्तीपुर जिला अंतर्गत रहीमपुर गांव के निवासी थे। उनका पार्थिव शरीर वायु मार्ग से दिल्ली से दरभंगा एयरपोर्ट ले जाया गया। वहां से सड़क मार्ग से समस्तीपुर रवाना किया जाएगा। बता दें कि 10 अक्टूबर को जराईकेला थाना क्षेत्र के समठा और बाबूडेरा के जंगल में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर

कौशल कुमार मिश्रा की फाइल फोटो

- 10 अक्टूबर को सारंडा में घात लगाए नक्सलियों ने किया था आईईडी ब्लास्ट
- हवलदार महेंद्र लस्कर अगले दिन हो गए थे शहीद

दिया था। इस हमले में 60 बटालियन के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा, सब इंस्पेक्टर रामकृष्ण गागराई और हवलदार महेंद्र लस्कर घायल हो गए थे। महेंद्र लस्कर की 11 अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घायल सब इंस्पेक्टर राम कृष्ण गागराई खरसावां के झामुमो विधायक दशरथ गागराई के भाई हैं।

कांड्रा में पत्थर से कूचकर किशोरी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

घटनास्थल पर पड़ा शव ● फोटोन न्यूज

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कांड्रा थाना क्षेत्र में बुरूडीह जंगल में गुरुवार को एक किशोरी की लाश मिली। उसकी पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। नेहा नायक नामक किशोरी शिवपुर गांव के निरुद्ध नायक की बेटी थी। घटना की जानकारी मिलने पर कांड्रा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरायकेला के जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कैसे हुई, इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ेगी। कांड्रा थाना की पुलिस मृतका के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि उनकी किसी से दुश्मनी तो नहीं थी। अन्य कई एंगल को भी ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

महिला की फंदे पर मिली लाश, प्रताड़ना का आरोप

JAMSHEDPUR : बिरसानगर थाना अंतर्गत आलमंड ब्लॉक स्थित आस्था ट्विन सिटी में एक महिला की लाश फंदे पर लटकी हुई मिली। मृतका का नाम बरखा अग्रवाल है। गुरुवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बरखा अग्रवाल का विवाह वर्ष 2010 में मुकेश अग्रवाल से हुआ था। बरखा दो बच्चों के साथ जमशेदपुर में रहती थी। उसका पति सिंगापुर में नौकरी करता है और हाल ही में छुट्टी पर आया था। मृतका के भाई वरुण का कहना है कि ससुराल वालों ने बताया कि बुधवार की रात बरखा ने साड़ी के सहारे फांसी लगा ली है। जब वे मर्सी अस्पताल पहुंचे, तो वहां ससुराल पक्ष का कोई आदमी मौजूद नहीं था। परिजनों का इल्जाम है कि बरखा को लंबे समय से ससुराल में मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी। इसकी वजह से उसने यह कदम उठाया होगा। घटना के समय घर में कोई नहीं था। बताया जा रहा है कि शव को पड़ोसियों और जेठानी की मदद से उतारा गया और अस्पताल ले जाया गया था। फिलहाल, पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

कदमा में 20 लाख की डकैती के मामले में तीन हुए गिरफ्तार, भेजे गए जेल

9 अक्टूबर को रामनगर में हुई थी घटना, सभी आरोपी पूर्वी सिंहभूम जिले के निवासी

PHOTON NEWS JSR : कदमा थाना क्षेत्र के रामनगर में 9 अक्टूबर को दीपराज दास के घर में पड़ी डकैती के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा है। जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें परसुडीह थाना क्षेत्र की मछुआ बस्ती लोको कॉलोनी का रहने वाला गुड्डू पाजी उर्फ श्रवण कुमार निर्मलकर, बागबेड़ा थाना क्षेत्र के सोमायझोपड़ी का रहने वाला विजय उर्फ विशाल सवैयां और धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ का रहने वाला शिवम कालिंदी शामिल है।

कदमा के थाना प्रभारी ने बताया कि दीपराज दास के घर पड़ी डकैती में बदमाश उनके घर से जेवर और नकदी समेत लगभग

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते थाना प्रभारी प्रवेशचंद्र सिन्हा

20 लाख रुपये का सामान लूट ले गए थे। इस मामले में 11 अक्टूबर को कदमा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने मामले का खुलासा करने के लिए एसआईटी गठित की थी। टीम ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों का पता लगाया और फिर छापेमारी कर गिरफ्तारी की। कदमा के थाना प्रभारी प्रवेशचंद्र सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट भी बरामद की गई है। इस घटना में लगभग आठ लोग शामिल थे। इस मामले में पुलिस पांच लोगों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है।

नो एंट्री मामला पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने जिला प्रशासन को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

चाईबासा में 74 प्रदर्शनकारियों पर नामजद केस

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में 'नो एंट्री' की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन में पुलिस ने 74 लोगों पर नामजद व 500 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। वहीं, पुलिस पर पथराव करने के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इनमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं।

चाईबासा सदर के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो के बयान पर मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि 27 अक्टूबर को प्रदर्शनकारियों ने परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा के आवास का घेराव करने जा रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव किया था।

कोर्ट से आरोपियों को जेल ले जाती पुलिस ● फोटोन न्यूज

इधर प्रदर्शनकारियों की मांग है कि शहर में 'नो एंट्री' की व्यवस्था को लागू किया जाए और गिरफ्तार किए गए लोगों को बिना शर्त रिहा किया जाए। इस मामले में जिला पुलिस की कार्रवाई जारी है। बता दें कि चाईबासा में 'नो एंट्री' का समय निर्धारित कराने के लिए लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में 24 घंटे भारी वाहन शहर से गुजर रहे हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है।

'नो एंट्री' केस में पकड़े गए सभी आरोपियों को रिहा करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को आदिवासी हो समाज और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में उपायुक्त चंदन कुमार के साथ हुई बैठक में मामला और उलझ गया है। उपायुक्त के साथ हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के साथ हुई तूतू-मैंमैं के बाद 24 घंटा के अंदर बिना शर्त सभी आंदोलनकारियों को रिहा करने और नो एंट्री लगाने की मांग की गई है। मधु कोड़ा ने कहा है कि प्रशासन ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो इससे भी बड़ा आंदोलन होगा।

साकची की तीन दुकानों में चोरी बैट्री-इन्वर्टर भी ले भागे बदमाश

घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : साकची थाना क्षेत्र में बंगाल क्लब से पुरानी किताब मार्केट जाने वाली रोड पर एसबीआई के सामने चाय की तीन दुकानों में चोरी हुई है। घटना बुधवार की रात की है। गुरुवार की सुबह दुकानदारों को घटना की जानकारी तब मिली, जब वे दुकान खोलने आए। पारडीह चौक के पास रहने वाले संदीप ने 6 महीने पहले सड़क किनारे चाय की दुकान खोली थी। उनकी टपरी का ताला तोड़कर चोर बैट्री-इनवर्टर, बर्तन सहित अन्य सामान चोर ले गए। संदीप के छोटे भाई अनुज ने बताया कि उनकी दुकान से लगभग 35,000 रुपये का सामान चोरी हुआ है। इसके साथ ही बगल में एक महिला की दुकान है। इस दुकान से भी चोर हजारों रुपये का सामान पार कर ले गए हैं। इसके अलावा, साकची में ही अमन की दुकान है। अमन की दुकान से भी हजारों रुपये के सामान चोरी हो गए हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।



रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा व्यायाम है। जिस प्रकार 12 राशियां, 12 महीने होते हैं, उसी प्रकार सूर्य नमस्कार भी 12 स्थितियों से मिलकर बना है। कोविड महामारी के समय में आप सूर्य नमस्कार को अपना कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं-

सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन 12 स्थितियों में किया जाता है, आइए जानें-

- दोनों हाथों को जोड़कर सीधे खड़े हों। नेत्र बंद करें। ध्यान 'आज्ञा चक्र' पर केंद्रित करके 'सूर्य भगवान' का आह्वान 'ॐ मित्राय नमः' मंत्र के द्वारा करें।
- श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कानों से सटाते हुए ऊपर की ओर तानें तथा भुजाओं और गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान को गर्दन के पीछे 'विशुद्धि चक्र' पर केन्द्रित करें।
- तीसरी स्थिति में श्वास को धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए आगे की ओर झुकाएं। हाथ गर्दन के साथ, कानों से सटे हुए नीचे जाकर पैरों के दाएं-बाएं पृथ्वी का स्पर्श करें। घुटने सीधे रहें। माथा घुटनों का स्पर्श करता हुआ ध्यान नाभि के पीछे 'मणिपूरक चक्र' पर केन्द्रित करते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में रुकें। कमर एवं रीढ़ के दोष वाले साधक न करें।
- इसी स्थिति में श्वास को भरते हुए बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाएं। छाती को खींचकर आगे की ओर तानें। गर्दन को अधिक पीछे की ओर झुकाएं। टांग तनी हुई सीधी पीछे की ओर खिचाव और पैर का पंजा खड़ा हुआ। इस स्थिति में कुछ समय रुकें। ध्यान को 'स्वाधिष्ठान' अथवा 'विशुद्धि चक्र' पर ले जाएं। मुखाकृति सामान्य रखें।
- श्वास को धीरे-धीरे बाहर निष्कासित करते हुए दाएं पैर को भी पीछे ले जाएं। दोनों पैरों की एड़ियां परस्पर मिली हुई हों। पीछे की ओर शरीर को खिंचाव दें और एड़ियों को पृथ्वी पर मिलाने का प्रयास करें। नितम्बों को अधिक से अधिक ऊपर उठाएं। गर्दन को नीचे झुकाकर ठोड़ी को कण्ठकूप में लगाएं। ध्यान 'सहस्रार चक्र' पर केन्द्रित करने का अभ्यास करें।
- श्वास भरते हुए शरीर को पृथ्वी के समानांतर, सीधा साष्टांग दण्डवत करें और पहले घुटने, छाती और माथा पृथ्वी पर लगा दें। नितम्बों को थोड़ा ऊपर उठा दें। श्वास छोड़ दें। ध्यान को 'अनाहत चक्र' पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य करें।
- इस स्थिति में धीरे-धीरे श्वास को भरते हुए छाती को आगे की ओर खींचते हुए हाथों को सीधे कर दें। गर्दन को पीछे की ओर ले जाएं। घुटने पृथ्वी का स्पर्श करते हुए तथा पैरों के पंजे खड़े रहें। मूलाधार को खींचकर वहीं ध्यान को टिका दें।
- यह स्थिति - पांचवीं स्थिति के समान
- यह स्थिति - चौथी स्थिति के समान
- यह स्थिति- तीसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति - दूसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति - पहली स्थिति की भांति रहेगी।

सूर्य नमस्कार की उपरोक्त बारह स्थितियां हमारे शरीर को संपूर्ण अंगों की विकृतियों को दूर करके निरोग बना देती हैं। यह पूरी प्रक्रिया अत्यधिक लाभकारी है। इसके अभ्यासी के हाथों-पैरों के दर्द दूर होकर उनमें सबलता आ जाती है। गर्दन, फेफड़े तथा पसलियों की मांसपेशियां सशक्त हो जाती हैं, शरीर की फालतू चर्बी कम होकर शरीर हल्का-फुल्का हो जाता है। सूर्य नमस्कार के द्वारा त्वचा रोग समाप्त हो जाते हैं अथवा इनके होने की संभावना समाप्त हो जाती है। इस अभ्यास से कब्ज आदि उदर रोग समाप्त हो जाते हैं और पाचनतंत्र की क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है। इस अभ्यास के द्वारा हमारे शरीर की छोटी-बड़ी सभी नस-नाड़ियां क्रियाशील हो जाती हैं, इसलिए आलस्य, अतिनिद्रा आदि विकार दूर हो जाते हैं।

मेडिटेशन को करें अपने रूटीन में शामिल और पाएं बेहतरीन फायदे

मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे -

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- दि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस-पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रात :काल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।



लाइफस्टाइल बदल डाली तो ऐसे बढ़ेगी इम्युनिटी

इम्युनिटी कमजोर होने में खराब जीवनशैली का बड़ा हाथ है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि शरीर पर बाहरी माइक्रोऑर्गेनिज्म के होने वाले हमलों के खिलाफ इम्यून सिस्टम पहली डिफेंस लाइन मानी जाती है। जितनी तगड़ी इम्युनिटी होगी उतने ही बीमारी पकड़ने के अवसर क्षीण होते जाएंगे। खराब जीवनशैली से इम्यून सिस्टम की डिफेंस में छेद होने लगता है।

खराब जीवनशैली

यदि आपके पास ठीक से खाना खाने और भरपूर नींद लेने का वक्त नहीं हो तो समझ लें कि आपकी जीवनशैली खराब है जो आपके इम्यून सिस्टम को तेजी से कमजोर कर रही है। यह ठीक है कि आधुनिक जीवनशैली में वर्क प्रेशर इतना अधिक है कि उसका शरीर पर खराब असर पड़ रहा है लेकिन प्रेशर रहने के बावजूद भी स्वस्थ रहने के लिए प्रयत्न किया जा सकता है।

कब हुई थीं सालाना जांचे?

30 साल की उम्र हो जाने के बाद शरीर की नियमित जांचें कराना बेहद जरूरी है। इन दिनों अत्यधिक तनाव झेलने के कारण कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर अथवा शुगर की बीमारियां जड़ पकड़ लेती हैं। यह देखा गया है कि शुरूआती जांचों में ही कई बार लंबी बीमारियों की जड़ पकड़ में आ जाती है।

टाइम निकालें

खुद के लिए समय निकालें। यदि काम के घंटे फिक्स नहीं हैं तो वर्क स्टेशन को ही वर्कआउट के लिए सेट कर लें। काम के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लेते रहें और शारीरिक गतिविधियां बढ़ा दें। मसलन आप स्पॉट रनिंग कर सकते हैं, स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, वाशरूम तक तेज गति से जाकर वापस आ सकते हैं। वर्क स्टेशन एक्सरसाइज के बारे में जानने के लिए कई वेबसाइट्स हैं जो कई तरह के सॉल्युशन्स उपलब्ध कराती हैं।

पानी कब पिया था?

क्या आपको याद कि अंतिम बार आपने पानी कब पिया था? पानी न सिर्फ हाईड्रेट रखता है बल्कि हाजमा और किडनी दोनों को तंदुरुस्त रखता है। इम्यून सिस्टम ठीक से काम करता रहे इसके लिए जरूरी है कि हाजमा ठीक रहे। मेटॉबॉलिक सिस्टम के बिगड़ते ही शरीर का हर अवयव और उसकी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

ये बदलाव लाएं जीवनशैली में

लाइफस्टाइल को दुरूस्त कर लेना आपके लिए बिलकुल आसान है लेकिन इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। आपको केवल ठान लेना है बाकि सभी चीजें अपने आप ठीक होने लगती हैं। आप इतना तो कर ही सकते हैं कि सुबह जब भी आप उठते हैं, एक गिलास कुनकुना नींबू पानी पीकर दिन की शुरूआत कर सकते हैं। यदि आप रोज देर से उठ रहे हैं तो काम के घंटों के साथ एडजेस्ट कर सकते हैं। नींबू पानी के साथ ताजे आंवले का रस मिल सके तो पी लें नहीं तो बाजार से आंवले के रस का पैक भी खरीद कर रख सकते हैं। संतरे का रस अथवा आंवले के रस से विटामिन सी का तगड़ा डोज सुबह उठते ही मिल जाए तो दिन की अच्छी शुरूआत मानी जा सकती है। अपने भोजन में अदरक और हल्दी को विशेष रूप से शामिल करने का आग्रह करें। इससे असमय सोने के कारण होने वाली एसिडिसी एवं जलन से राहत मिल सकती है।

गोल्डन मिल्क

रात को सोते समय हल्दी मिला हुआ दूध जरूर पिएं। जो लोग रात को जागते रहकर काम करते हैं उन्हें यह दूध खासतौर पर पीना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें जागने के कारण होने वाली समस्याओं से निजात पाने में मदद मिलती है।

एंटीबायोटिक ज्यादा लेने से कमजोर हो सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जब भी हमें छोटी-मोटी सेहत समस्या, हल्का सा दर्द व घाव आदि होता है तो हमारा शरीर उसे अपने आप ठीक करने में भी सक्षम होता है। लेकिन कई लोग जरा सी भी परेशानी होने पर अत्यधिक एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से है तो आइए, आपको बताते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर होने से बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- एंटीबायोटिक - हममें से कई लोगों की आदत होती है, एंटीबायोटिक्स दवाओं का अत्यधिक सेवन करना। लेकिन गैरजरूरी समय पर इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है। अत्यधिक जरूरत के समय ही एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करें।
- औषधियां - जब भी आप वायरल या शारीरिक दर्द महसूस करें, ऐसी आयुर्वेदिक या घरेलू औषधि अपने साथ रखें जो प्रतिरोधकता बनाए रखती हैं।
- नींद - पर्याप्त नींद न होना आपके दिमाग और शरीर को बेवजह थकावट देता है और आपकी प्रतिरोधकता भी कम होती है। हर दिन 8 घंटे की नींद आपको स्वस्थ और खुशगवार रखने में सहायक है।
- शुगर - शकर खाने से मनाही नहीं है, लेकिन अतिरिक्त शर्करा से भरे खाद्य पदार्थ जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक, जूस व अन्य पदार्थों से दूरी बनाएं। यह आपकी सेहत का पूरा हिसाब गड़बड़ कर देंगे, और प्रतिरोधकता में कमी भी।
- धूप है जरूरी - त्वचा को अगर धूप से बचाते हैं, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। बल्कि धूप लेना प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए पर्याप्त धूप लेने का नियम बनाएं।
- जिंक - जिंक की पर्याप्त मात्रा का सेवन भी प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने का एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए अलग से जिंक की गोलियां खाने के बजाए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जिनसे आपको नैचुरल जिंक प्राप्त हो।
- पत्तेदार सब्जियां - पत्तेदार सब्जियां या फिर सलाद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन खूब करें। इनसे प्राप्त होने वाले एंजाइम्स आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं और हर तरह का पोषण प्रदान करते हैं, जिसकी आपको जरूरत है।

गर्म पानी के साथ लहसुन के फायदे

खाने के स्वाद को बढ़ाने तथा सब्जी व दाल में तड़का लगाने में लहसुन का प्रयोग आप खूब करते हैं। लहसुन जहां भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, वहीं इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत भी देते हैं। लहसुन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो हमारे शरीर को अंदर से मजबूत रखता है और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। वहीं अगर हम लहसुन को गर्म पानी के साथ लें तो यह हमारे शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है और कई बीमारियों से निपटने की ताकत देता है।

कब्ज की समस्या से राहत

यदि आप कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो इससे राहत पाने के लिए आप गर्म पानी के साथ कच्ची लहसुन का सेवन करें। यह पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता करेगा और कब्ज की समस्या दूर होगी।

एंटी बैक्टीरियल व एंटीवायरल से भरपूर

बदलते मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ता है, वहीं बारिश के दिनों में यदि आप गर्म पानी के साथ लहसुन का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ-साथ लहसुन में मौजूद बैक्टीरिया में वायरस मारने के गुण हैं। बारिश के दिनों में होने वाले फंगल संक्रमण, फ्लू और संक्रामक बीमारियों के खतरे से भी ये आपके शरीर को बचाए रखेंगे।

ब्लड सर्कुलेशन को करे मेंटेन

गर्म पानी के साथ कच्चे लहसुन का सेवन करने से दिल से जुड़ीं बीमारियों से बचे रहने में मदद मिलती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को मेंटेन करके हृदयरोग के खतरे को भी कई गुना तक कम कर सकता है।

गले की खराश से राहत

लहसुन में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गले की खराश को दूर करता है।

आम आदमी की उड़ान के 9 साल

आसमान में उड़ना हर किसी का सपना होता है। मनुष्य के पास उड़ने के लिए पंख भले न हों, लेकिन उसके पास उम्मीदों के पंख तो हैं ही और जब हौसलों का साथ हो, मन में उल्लास हो तो संसार को जीतना आसान हो जाता है। आकाश तक विकास की ऊंची छलांग तो लगाई ही जा सकती है। दीपावली की उमंग और उल्लास भरे पुनीत अवसर पर ही उड़ान योजना के नौ साल पूरे हो चुके। विमान सेवा को आम आदमी की पहुंच में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 अक्टूबर 2016 को यह योजना शुरू की थी। हालांकि इस योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई थी। यह योजना 10 साल के लिए शुरू की गई थी, लेकिन अब इसकी अवधि दस साल और बढ़ा दी गई है। निश्चित ही इसका लाभ न केवल विमानन क्षेत्र को मिलेगा बल्कि मध्यमवर्गीय समाज भी इससे बहुत हद तक लाभान्वित हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 2025-26 के बजटीय भाषण पर गौर करें तो आगामी साल में इस योजना में 120 नए गंतव्य शामिल किए जाएंगे, जिससे 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को सस्ती हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस निमित्त भले ही उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए कुल परिव्यय का खुलासा नहीं किया लेकिन बजट में 2025-26 में उड़ान योजना के लिए 540 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा तो शुरू की ही थी। उड़ान योजना के तहत अब तक 625 उड़ान मार्ग चालू किए गए हैं, जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिनमें 2 जल हवाई अड्डे और 15 हेलीपोर्ट भी शामिल हैं। इस योजना से उड़ान के अंतर्गत 1.49 करोड़ से अधिक यात्री किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। भारत के हवाई अड्डा नेटवर्क पर विचार करें तो वर्ष 2014 तक देश में 74 हवाई अड्डे थे, जो बढ़कर 159 हो गए हैं। हवाई अड्डों तक पहुंच गया जो एक दशक में दोगुने से भी अधिक है। वंचित एवं दूरदराज के क्षेत्रों में वायु संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार ने व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023.37 करोड़ रुपये बांटे हैं। उड़ान योजना से जाहिर तौर पर क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिली है। स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ी है और व्यापार को मजबूती मिली है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास में उछाल आई है। आकाश को छूना देश के अधिकांश लोगों का सपना हुआ करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें अपना एक और सपना जोड़ दिया और वह सपना था कि हवाई सेवा इतनी सस्ती होनी चाहिए कि उसमें चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी सफर कर सके। 'उड़े देश का आम नागरिक' के स्लोगन के साथ जब यह योजना शुरू हुई तो उनके विरोधियों ने इसका उपहास भी किया, लेकिन जब नीति और नीयत साफ हो तो संकल्प अपनी सिद्धि को प्राप्त करता ही है। उड़ान योजना के साथ भी कमोबेश ऐसा ही कुछ हुआ। यह कहने में शायद ही किसी को संकोच हो कि इस योजना ने तब से अब तक भारत के क्षेत्रीय वायु संपर्क परिदृश्य को बदल दिया है। अनगिनत नागरिकों के लिए आसमान खोलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इसके लिए सरकार को काफी कुछ व्यय भार झेलना भी पड़ा। किफायती किराया सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी पड़ी हवाई किराये की सीमा निर्धारित करनी पड़ी। कम आकर्षक बाजारों में उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को आकर्षित करने की दिशा में भी सरकार को अनेक प्रयास करने पड़े। केंद्र सरकार ने प्रथम तीन सालों के लिए आरसीएस हवाई अड्डों पर खरीदे जाने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क दो प्रतिशत तक सीमित किया। एयरलाइन्स को अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कोड शेयरिंग समझौते के लिए प्रोत्साहित करने में वह पीछे नहीं रही। इस क्रम में राज्य सरकारों का सहयोग भी कमतर नहीं आंका जा सकता। राज्यों ने दस वर्षों के लिए एटीएफ पर वैट को एक प्रतिशत या उससे कम करने तथा सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं और उपयोगिता सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएं कम दरों पर उपलब्ध कराई। सहयोग की इस युति ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां एयरलाइंस कंपनियां लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान करने का साहस नहीं जुटा पाईं, वहां भी अब बदस्तूर फल-फूल रही हैं। योजना अपने प्रारंभ से विस्तार तक अनेक चरणों से गुजरी और हर चरण में उसने भारत के क्षेत्रीय हवाई संपर्क के दायरे में इजाफा ही किया है। पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को (शिमला-दिल्ली) रवाना हुई। इसमें 5 एयरलाइन संचालकों को 70 हवाई अड्डों के लिए 128 मार्ग आवंटित किए गए इनमें 36 नये हवाई अड्डे भी शामिल रहे। उड़ान का दूसरा चरण साल 2018 में शुरू हुआ, जिसमें 73 कम जुड़ाव वाले और ऐसे क्षेत्र जिनसे जुड़ाव नहीं था, उन हवाई अड्डों को शामिल किया गया। यह पहला मौका था जब हेलीपैड भी उड़ान नेटवर्क का हिस्सा बने। उड़ान योजना की तीसरा चरण 2019 में शुरू हुआ जिसमें पर्यटन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर अनेक पर्यटन मार्ग शुरू किए गए। जल हवाई अड्डों को जोड़ने सस्ती और किफायती वायु सेवा से जोड़ने के लिए समुद्री विमान परिचालन का भी सहयोग लिया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कई मार्गों को इस योजना से जोड़ा गया। जाहिर है, इस योजना से न केवल पर्यटन कारोबार में वृद्धि हुई। रोजगार के मौके भी बढ़े हैं। साल 2016 में जब यह योजना शुरू हुई थी तब 500 किमी की एक घंटे की यात्रा के लिए हवाई किराया 2500 रुपए तक सीमित किया गया था।

बिहार विधानसभा चुनाव और राजनीतिक साख का सवाल

ANALYSIS

मनोज कुमार मिश्र

राजग नीतीश कुमार की अगुवाई में चुनाव लड़ रहा है। भाजपा और जद(यू) बराबर सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ महागठबंधन के सहयोगी दलों के उम्मीदवार दर्जन भर से ज्यादा सीटों पर आपस में ही लड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, तमाम दावों के बावजूद चुनाव प्रचार जोड़ नहीं पकड़ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी कई अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। वैसे उसके तीन उम्मीदवारों ने नाम वापस लेकर प्रशांत किशोर की परेशानी बढ़ा दी। वे इसके लिए विपक्षी दल पर आरोप लगा रहे हैं। बिहार के सबसे बड़े लोक महापर्व छठ के तुरंत बाद 06 और 11 नवंबर को मतदान होना है। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। माना जा रहा है कि छठ के लिए बड़ी तादाद में लोग अपने घर आते हैं, उनमें काफी बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो प्रवासी होने के बावजूद अभी भी बिहार के मतदाता बने हुए हैं। इनके चलते इस बार वोट का औसत बढ़ सकता है। इस बार महागठबंधन के आपसी टकराव और सरकार के सकारात्मक काम से राजग का वोट औसत बढ़ने के आसार हैं। होना यही चाहिए था कि चुनाव मुद्दों पर लड़े जाएं। संभव है बाकी चुनावों की तरह इस चुनाव में भी कई गलत आरोप लग रहे हैं। हवाई दावे किए जा रहे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के शीर्ष पर पहुंचने से पहले ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की अगुवाई वाला महागठबंधन बिखरने लगा। पहले भाजपा और जनता दल (यू) की अगुवाई वाले गठबंधन राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में भी तनातनी हुई, लेकिन बड़े नेताओं ने फौरन हस्तक्षेप कर विवाद सुलझा लिया। अब सभी 243 सीटों पर राजग की तरफ से एक-एक उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में हैं। इस गठबंधन के दलों का चुनाव प्रचार भी साझा चल रहा है। राजग नीतीश कुमार की अगुवाई में चुनाव लड़ रहा है। भाजपा और जद(यू) बराबर सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ महागठबंधन के सहयोगी दलों के उम्मीदवार दर्जन भर से ज्यादा सीटों पर आपस में ही लड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, तमाम दावों के बावजूद चुनाव प्रचार जोड़ नहीं पकड़ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी कई अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। वैसे उसके तीन उम्मीदवारों ने नाम वापस लेकर प्रशांत किशोर की परेशानी बढ़ा दी। वे इसके लिए विपक्षी दल पर आरोप लगा रहे हैं। बिहार के सबसे बड़े लोक महापर्व छठ के तुरंत बाद 06 और 11 नवंबर को मतदान होना है। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। माना जा रहा है कि छठ के लिए बड़ी तादाद में लोग अपने घर आते हैं, उनमें काफी बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो प्रवासी होने के बावजूद अभी भी बिहार के मतदाता बने हुए हैं। इनके चलते इस बार वोट का औसत बढ़ सकता है। इस बार महागठबंधन के आपसी टकराव और सरकार के सकारात्मक काम से राजग का वोट औसत बढ़ने के आसार हैं। होना यही चाहिए था कि चुनाव मुद्दों पर लड़े जाएं। संभव

